वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 280 | रविवार 5 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

थप्पड़कांड के बाद...

निर्मल-जाजड़ा ने हाथ मिलाया

## आरयू अध्यक्ष और महासचिव में सुलह

### ...मुस्कुराए, बोले- मिलकर स्टूडेंट्स के लिए काम करेंगे

जयपुर. कासं

थप्पड़कांड के बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी और महासचिव अरविंद जाजड़ा में सुलह हो गई। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और गले लगे। शनिवार को जाट समाज के लोगों ने दोनों के बीच विवाद को खत्म कराया। दरअसल, विजय पूनिया ने आरयू के छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी और महासचिव अरविंद जाजड़ा को दोपहर 12 बजे मालवीय नगर स्थित जवाहर जाट छात्रावास में बुलाया। जहां दोनों छात्र नेताओं को साथ बैठाकर पूनिया ने समझाया। पूनिया ने दोनों छात्र नेताओं को कहा- अभी आपका राजनीतिक जीवन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में आपस में लड़कर समय न गंवाए। दोनों को मिलकर छात्र हितों के लिए संघर्ष करना है। काफी देर तक समझाने के बाद निर्मल और अरविंद ने हाथ मिलाया और मुस्कुराते हुए गले मिले। सुलह के बाद निर्मल ने कहा- अरविंद ने माफी मांग ली है। ऐसे में मैंने सभी बातों को भूलकर उसे माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब उनके बीच कोई गिले-शिकवे नहीं हैं।




### क्या था मामला

गौरतलब है कि 23 जनवरी को महारानी कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन के दौरान निर्मल और अरविंद के बीच झगड़ा हुआ था। मंच पर केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और विधायक रामलाल शर्मा के सामने अरविंद जाजड़ा ने निर्मल चौधरी के थप्पड़ मारकर मंच से नीचे गिरा दिया था। इसके बाद दोनों छात्र गुटों के बीच काफी मारपीट हुई। दोनों छात्रनेताओं का झगड़ा होने के बाद जाट समाज के लोग एक करने में जुट गए थे।

### FIR में न महासचिव का नाम, न थप्पड़ का जिक्र

इस बवाल को लेकर महारानी कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर पूराराम ने अशोक नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। महारानी कॉलेज की प्रिंसिपल मुक्ता अग्रवाल की अनुमति से दर्ज कराई गई FIR में उन्होंने बताया कि कॉलेज के छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अन्य विशिष्ट अतिथि मंचासीन थे और कार्यक्रम चल रहा था। सभी भाषण पूरे हो गए थे और केंद्रीय मंत्री शेखावत वहां से जाने वाले ही थे कि निर्मल चौधरी मंच पर पहुंचे। उसी समय कुछ दूसरे छात्र भी मंच पर आ गए। वहां लड़ाई-झगड़ा शुरू हो गया। ऐसे में केंद्रीय मंत्री व अन्य अतिथियों को तुरंत प्रिंसिपल ऑफिस में सुरक्षित ले जाया गया। इस दौरान हुए बवाल में टेंट का काफी सामन तोड़ दिया गया। इस मामले में जाजड़ा का नाम ही नहीं है और न ही थप्पड़ का जिक्र है।

किरोड़ी मीणा बोले

## भाजपा को जिस मुद्दे पर खड़ा होना था, उस पर पूनियां शांत दिखे



**जयपुर. कासं।** पेपर लीक मामले में सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी मीणा ने शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और भाजपा प्रदेश संगठन को कटघरे में खड़ा किया। किरोड़ी ने कहा प्रदेश भाजपा कहीं भी बेरोजगारों के साथ नहीं खड़ी हुई। विरोध-प्रदर्शन तक नहीं किया गया। हालांकि, देर शाम गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव से वार्ता के बाद किरोड़ी ने आंदोलन स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर सतीश पूनियां के नेतृत्व में बीजेपी को खड़ा होना था, पर वो नहीं आए। मुझे दुख है, पूनियां और बीजेपी साथ नहीं आए। शनिवार को सांसद मीणा मांगों को लेकर जयपुर पहुंचे थे। पूनियां के पास राजस्थान बीजेपी की जिम्मेदारी है। वह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हैं। इस मामले पर बिल्कुल भी आक्रामक नजर नहीं दिखे। फिलहाल, मैंने केंद्रीय संगठन को इस मुद्दे से अवगत करा दिया है। शनिवार को मीणा समर्थकों के साथ जयपुर के शहीद स्मारक के लिए रवाना हुए थे। दोपहर में जयपुर कमिश्नरेट पहुंचे। यहां किरोड़ी और गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव के बीच बातचीत हुई। मीणा ने कहा- मांगों पर बातचीत हुई है। फिलहाल आंदोलन स्थगित कर दिया गया है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां 31 जनवरी को प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां भी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे। उसके बाद भी प्रदेश बीजेपी की ओर से इस पूरे मामले पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। इससे नाराज होकर मीणा ने पूनियां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि डीजीपी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जांच कमेटी 7 दिन बाद सांसद मीणा से बातचीत करेगी।

## मेयर ने चलाई झाड़ू, कमिश्नर ने उठाया कचरा

### डेरा सच्चा सौदा के 15 हजार सेवादारों ने शहर में की सफाई

**जयपुर. कासं।** जयपुर में डेरा सच्चा सौदा के 15 हजार से ज्यादा सेवादारों ने बड़ा सफाई अभियान चलाया। इस दौरान जयपुर शहर के कई पार्कों, सड़कों पर झाड़ू लगाकर वहां गंदगी साफ की। सेवादरों के इस श्रमदान में नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर और कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने भी सहयोग दिया। खुद मेयर ने सड़क पर झाड़ू निकाली, तो वहीं कमिश्नर ने तगारी से कचरा उठाया। डेरा सच्चा सौदा के मीडिया कॉ-



ऑर्डिनेटर गुरजंट धालीवाल ने बताया कि ये सफाई अभियान जयपुर के अलावा राज्य के अन्य सभी जिलों में किया गया। इस पूरे अभियान में आज प्रदेशभर में 1 लाख से ज्यादा सेवादार लगे। जयपुर शहर में आज विद्याधर स्टेडियम के पास सेंट्रल स्पाइन से अभियान की शुरूआत की गई। यहां से जयपुर शहर में 18 अलग-अलग जोनों में टीमें भेजी। इसमें महिला-पुरूष के अलावा बच्चों ने भी श्रमदान कर शहर में सफाई की। धालीवाल ने बताया कि 5 फरवरी को जयपुर में एक साथ सात जगहों पर पावन भंडारा मनाया जाएगा। इसके लिए राजस्थान से लाखों की संख्या में सेवादार आएंगे। इसके लिए दौलतपुरा, विद्याधर नगर स्टेडियम, शिप्रा पथ, मानसरोवर, सांगानेर, दशहरा ग्राउंड राजापार्क सहित कुल सात जगहों पर सत्संग स्थल बनाए हैं।

# नेट-थियेट पर महके अमान के स्वर -तोरे मद भरे नैन रसीले



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेटथियेट कार्यक्रमों की शृंखला में राजस्थान के युवा शास्त्रीय गायक मोहम्मद अमान ने जब स्वर की कमान संभाली तो स्वरों का गुलदस्ता फिजा. में महक उठा। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि मोहम्मद अमान ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राग यमन से की। विलंबित में ख्याल में एक बंदिश ''सलोना रे बालम'' मध्य लय में 'जग में शरम रख मेरी' बडे मनोयोग से सुनाकर श्रोताओं को अभिभूत किया। अमान की गायकी में तानें इतनी साफ व तैयार हैं कि एक-एक सुर अलग-अलग दिखाई दिया ।संगीत मार्तण्ड पण्डित जसराज ने अमान के संगीत साधना की तारीफ करते हुये कहा था कि इनके गले में जबरदस्त तरीके से अल्लाह का वास है। इसके बाद अमान ने द्रुत मे तराना सुनाकर वाह वाही लूटी और अंत में राग खमाज में एक ठुमरी 'तोरे मद भरे नैन रसीले' गाई तो ऐसा लगा मानो की स्वरों की खुशबू चारों दिशाओं में बिखर गई है। अमान ने संगीत की शिक्षा अपने दादागुरू उस्ताद अमीर मोहम्मद खान से प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन लोककला मर्मज्ञ ईश्वर दत्त माथुर ने किया। अमान के साथ हारमोनियम पर उनके गुरु उस्ताद जफर मोहम्मद ने असरदार संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया तो तबले पर संगत कर रहे मोहम्मद शोएब ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर वाहवाही लूटी। प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत तपेश शर्मा, मंच सज्जा सागर गढ़वाल, जीवितेश शर्मा और अंकित शर्मा नोनू का रहा।

# लालचंद कटारिया ने किया जैन यात्रा दल को रवाना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने आज नेमी सागर कॉलोनी वैशाली नगर जयपुर से 105 जैन तीर्थ यात्रियों के दल को ध्वज लहराकर कुंडलपुर स्थित बड़े बाबा के लिए रवाना किया। सामाजिक कार्यकर्ता जय कुमार जैन-बड़जात्या, सीकर वालों के नेतृत्व में इस यात्रा दल में 105 यात्री चांदखेड़ी, गोलाकोट, पपौराजी, द्रोणागिरी, आहारजी, नैनागिरी, कुण्डलपुर एवं सोनागिरी तीर्थ की वंदना करने के साथ ही मुनि पुंगव 108 सुधा सागर महाराज के दर्शन करेंगे।

# डॉ संजय जैन ने प्राचार्य का कार्य भार ग्रहण किया

**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** डॉ संजय जैन ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल के प्राचार्य का कार्य भार ग्रहण किया। म प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित यह कला ,विज्ञान और वाणिज्य मे स्नातकोत्तर स्तर तक सह शिक्षा प्रदान करने वाला राजधानी का एकमात्र शासकीय महाविद्यालय है। यहां पीएच डी हेतु शोध सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। 2600 से अधिक छात्र छात्राएं नियमित अध्यनरत हैं ।इस अवसर पर भोपाल जैन गोलालारीय समाज सहित विभिन्न वर्गों छात्र छात्राओं , समाजसेवियों, मित्रों, स्वजनों ने शुभकामनाएं दी ।

# कल होगी ग्यारह गजरथों के साथ भव्य भेरी, शाही पंचकल्याणक में ज्ञान कल्याणक मनाया

## संयुक्त परिवार अभी भारत में सौ साल जिंदा रहेगा : मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी



**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** संसार की ऊंचाई पाने को जब व्यक्ति संसार की क्रिया को औषधि के समान प्रयोग करता है तब वह अविरल सम्यक दृष्टि बन जाता है। वह सब में मिलकर रहता है फिर भी सबसे अलग रहता है। वह अपने अनंत ससार को चुल्लू भर कर देता है। एक हजार रुपए मीटर के कपड़ा चूहे ने काट दिया उसे कोई डाई सौ रुपए मीटर में लेने को तैयार नहीं हुआ। उसी कपड़े को टेलर ने काटा तो उसे ढाई सौ और दिए टेलर को काटने की कला आती थी। कितने लोग हैं जिन्होंने अपने मां बाप को भी छोड़ दिया । ये चूहे के समान छोड़ दिया वहीं तत्व ज्ञानी मुनि सब कुछ छोड़ता है वह टेलर के समान कपड़ा काटने वाले का मूल्य बड़ जाता है चूहे के समान कपड़ा काटने वाले की शव यात्रा निकलती है। टेलर के समान कर्म काटने वालो कि शिव यात्रा निकाली जाती है। चूहा मात्र तोड़ कर जानता है जोड़ना नहीं जानते उनकी बड़ी बुरी दशा होती है उक्त आशय केउद्गार शाही पंचकल्याणक महोत्सव ललितपुर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि ललितपुर में चल रहे शाही पंचकल्याणक महा महोत्सव में आज पांच तारीख को प्रातः काल की बेला में भगवान का निर्वाण कल्याणक प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया के निर्देश में मनाया जायेगा। इसके बाद परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे तथा विश्व शांति महायज्ञ में आहुतियां समर्पित की जाएगी। मध्यान गयारह गजरथो का प्रवर्तन परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में होगा

**तीर्थंकर भगवान अपना प्रोटोकॉल छोड़ कर जगत कल्याण के लिए आये:** धर्म सभा में मुनिश्री ने कहा कि आज तक ऐसा कोई तीर्थंकर प्रोटो काल में आता है और चले जाते हैं प्रत्येक तीर्थंकर आते हैं और चले जाते हैं परन्तु संसार चलाना रिषभ देव ने सिखाया तलवार चलाना सिखा रहे हैं शास्त्र चलाना बनाना सिखा रहे हैं खेती करना सिखा रहे हैं जिस धर्म में एक पत्ते में अंनत जीव है ये जानने वाले रिषभ देव हल चलाना सीख रहे हैं । ये तीर्थकर के प्रोटोकॉल में नहीं था वहीं रिषभ देव सब सिखा रहे हैं ।वहीं आज सब का त्याग करा रहे हैं सट कर्मों को छोड़ो छट आवश्यक को पालों के मार्ग पर बढ़ते हुए केवल्य ज्ञान को प्राप्त कर लेते हैं

**विद्वत परिषद का किया सम्मान:** श्री मद् जिनेन्द्र त्रिकाल चौबीस सहस्त्र कूट नन्दीश्वर पंच कल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में आज अखिल भारतीय विद्वत परिषद के संरक्षण डॉ अरुण शास्त्री जयपुर अध्यक्ष, अशोक जी लाडनूं बनारस पूर्व अध्यक्ष, सुरेंद्र भारती मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य, अंकित सराफा दिल्ली आमोद जैन कानपुर का सम्मान शाही पंचकल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अनिल अंचल महामंत्री डॉ अक्षय टडैया मंत्री सतीश नजा प्रवंधक राजेन्द्र थनवारा पंकज पार्षद सहित अन्य लोगों ने किया।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप एवं नेत्र जांच शिविर आज 5 फरवरी को

## सन्मति ग्रुप के कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या ने जानकारी दी की शिविर मे जांच के लिये खाली पेट आएं तथा अपनी पूर्व रिपोर्ट साथ लाएं (यदि कोई हो तो )

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा निशुल्क मेडिकल कैंप एवं नेत्र जांच शिविर आज 5 फरवरी को जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रिजन, जयपुर के तत्वावधान मे राजस्थान हॉस्पिटल जे एल एन मार्ग जयपुर पर प्रातः 10 से 2 तक आयोजित किया जायेगा। सन्मति अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका एवं सचिव अनिल - निशा संघी ने बताया कि शिविर मे निम्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाये निशुल्क उपलब्ध रहेगी : हृदय रोग विशेषज्ञ- डॉ कैलाश चंद्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ



- डॉ जितेश जैन, डायबीटीज विशेषज्ञ - डॉ. प्रियाश्री कटेवा, स्त्री रोग विशेषज्ञ- डॉ. प्रियंका शर्मा, जनरल फिजिशियन - डॉ. डी के जैन, ई एन टी विशेषज्ञ - डॉ पंकज सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ - डॉ करिश्मा गोयल, कैंसर रोग विशेषज्ञ - डॉ सरजीत सैनी अपनी सेवाये देंगे। शिविर के लिये मुख्य समन्वयक यश कमल अजमेरा व समन्वयक राकेश संघी , कमल ठोलिया, प्रदीप जैन तथा सयोजक नितेश पांडया को बनाया गया है। रिजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या व महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि शिविर में उपलब्ध निशुल्क जांच सुविधा : बीएमडी, फाइब्रो स्कैन (सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक), पैप स्मीयर (महिला के लिए), मैमोग्राफी (महिला के लिए), लिपिड प्रोफाइल, रैंडम शुगर, ईसीजी (कार्डियोलॉजिस्ट की सिफारिश पर )। सन्मति ग्रुप के कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या ने जानकारी दी की शिविर मे जांच के लिये खाली पेट आवे तथा अपनी पूर्व रिपोर्ट साथ लावे (यदि कोई हो तो )। सभी से समय पर शिविर मे स्वयं भी उपस्थित हो तथा अपने परिचितों, मित्रगणो, रिश्तेदारो को भी शिविर मे लाकर उपलब्ध डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाएं।




# वेद ज्ञान

## अपने व्यवहार से कुशल बनें...

मनुष्य की पहचान उसके आचरण से होती है। कोई अपनी अच्छाई-बुराई का प्रमाणपत्र लेकर नहीं घूमता, बल्कि उसका व्यवहार ही उसके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है। शैक्षणिक विश्वविद्यालयों में भले ही प्रमाणपत्रों की दरकार पड़ती हो, लेकिन जीवनरूपी विश्वविद्यालय में व्यवहार ही व्यक्तित्व की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति होती है। जो व्यवहार कुशल नहीं उसे नहीं मालूम होता कि किससे कैसे व्यवहार करना चाहिए। वह मनुष्य होने की न्यूनतम अर्हता पूरी नहीं कर पाता। लिहाजा जीवन में व्यवहार कुशलता अत्यंत आवश्यक है। व्यवहार कुशल होना असल में जीवन जीने की विधि है। उद्दंड होने में कोई मेहनत नहीं लगती, लेकिन सुशील, सज्जन एवं व्यवहार कुशल होना बेहद कठिन है। मगर ये गुण गर्भ से ही नहीं ग्रहण किए जाते। जन्म के समय सभी की परिस्थितियां एकसमान होती हैं। मगर उसके बाद जिनके घर का माहौल अच्छा होता है जहां अच्छाई-बुराई का पाठ पढ़ाया जाता है उन घरों के बच्चे प्रायः सुशील और अनुशासन प्रिय होते हैं। ऐसे में किसी भी बाल का चरित्र निर्माण उसके घरेलू माहौल और मित्रों की संगत पर अधिक निर्भर करता है। व्यवहार कुशल होना सफल जीवन का एक सुखद मार्ग है। जो व्यक्ति व्यवहार कुशल होता है वह जीवन में कभी असफल नहीं होता। उसके जीवन में पग-पग पर सफलता मिलती रहती है। वह अपने व्यवहार से दूसरों को प्रभावित कर लेता है। अगर किसी को सफल व्यक्ति मानते हो तो भी मान लेना चाहिए कि वह दूसरों से अधिक व्यवहार कुशल है। इसी तरह जो लोग असफल हैं उनके संबंध में मान लेना चाहिए कि वे आचरण व व्यवहार से उद्दंड हैं अथवा हीनभावना से ग्रसित हैं। ऐसे ही व्यक्ति मान लेते हैं कि वे संसार के सबसे निकृष्ट प्राणी हैं। ऐसी मनोवृति हीनभावना के कारण, व्यवहार कुशल न होने के कारण ही बनती है। यह एक प्रकार की बीमारी है। एक व्यक्ति ऐसा होता है जो मिलता है तो मन घृणा से भर जाता है और दूसरा जब बिछुड़ता है तो आंख से आंसू निकल पड़ते हैं। दोनों ही मनुष्य हैं। बाहर से देखकर यह नहीं बताया जा सकता कि कौन अच्छा है, कौन बुरा है। केवल उनके व्यवहार से पता चलता है कि यह व्यक्ति अच्छा है या बुरा है।

# संपादकीय

## हवाई सफर में दिमाग क्यों हो रहा है हवा...?

पिछले कुछ समय से हवाई यात्रा के दौरान अव्यवस्था और कुछ यात्रियों के अराजक बर्ताव की जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, वे अब चिंता का विषय बनने लगी हैं। सोमवार को अबू धाबी से मुंबई के लिए चले एक विमान में चालक दल के सदस्यों की ओर से अनधिकृत गतिविधि से रोके जाने पर एक महिला यात्री ने एक कर्मी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और अशिष्ट व्यवहार किया। यह न केवल उसके अपने स्तर पर की गई अराजकता है, बल्कि विमान अधिनियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ सबसे ज्यादा इस लिहाज से गलत है कि ऐसी हरकतों की वजह से नाहक खतरा भी पैदा हो सकता है। यह छिपा नहीं है कि विमान की उड़ान हर स्तर पर बेहद संवेदनशील होती है और उसमें कोई मामूली चूक एक त्रासद नतीजे का कारण बन सकती है। उड़ान के दौरान न केवल सुरक्षा की कसौटी पर हवाई जहाज में तकनीकी स्तर पर सौ फीसद परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं, बल्कि उसमें सवार चालक दल



सहित हर व्यक्ति की गतिविधि यात्रा का पूरी तरह सुरक्षित होना तय करती है। इन पहलुओं की जानकारी होने के बावजूद कुछ यात्रियों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी नहीं लगता है, जबकि उससे पैदा जोखिम की जद में वह खुद भी होता है। दरअसल, यह उम्मीद की जाती है कि विमान के यात्री सफर के इस माध्यम की संवेदनशीलता की समझ रखते हैं। इसके अलावा, नए यात्रियों के लिए भी विमान के भीतर हर गतिविधि के लिए लिखित निर्देश होते हैं, चालक दल के सदस्यों की ओर से घोषणाएं की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर किसी बात को समझने में मदद भी की जाती है। अगर चालक दल से कार्य-दायित्व में कोई कोताही होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। विडंबना यह है कि कई बार खुद किसी यात्री की हरकतें न केवल अवांछित होती हैं, बल्कि उससे समूचे विमान की सुरक्षा खतरे में पड़ जा सकती है। सिर्फ जनवरी में शराब पीकर हंगामा करने, लापरवाही में आपातकालीन दरवाजा खोल देने या किसी विमान परिचारिका से छेड़खानी करने की ऐसी कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो विमान यात्रा में जोखिम की वजह मानी जा सकती हैं। विमान कंपनी या चालक दल के सदस्यों की ओर से प्रबंधन के स्तर पर हुई चूक या लापरवाही के कारण नागर विमानन महानिदेशालय ने एक कंपनी को नोटिस जारी किया और जुमार्ना भी लगाया। मगर कुछ यात्री न अपना सलीका सभ्य और नियंत्रित रख पाते हैं और न ही उन्हें विमान अधिनियमों का पालन करना जरूरी लगता है। नतीजतन, उन्हें तो कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ ही सकता है, उनके बेलगाम बर्ताव की वजह से समूची उड़ान भी खतरे में पड़ सकती है। विमान यात्रा के दौरान व्यक्ति को सभ्यता के सलीकों का ध्यान रखने की जरूरत इसलिए भी होती है कि न केवल उसे अपनी गतिविधियों पर संतोष हो, बल्कि अन्य यात्रियों को भी अपनी यात्रा सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से पूरा करने में मदद मिले। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## उम्मीदें और बजट

इस बार के बजट को लेकर कई वजहों से लोगों की उत्सुकता बनी हुई थी। यह सरकार के इस कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट है, इसलिए माना जा रहा था कि आगामी आम चुनावों के मद्देनजर इसमें कुछ राहतकारी घोषणाएं अवश्य होंगी। दरअसल, हर सरकार अपने अंतिम पूर्ण बजट में ऐसा करती आई हैं। दूसरे, पिछले दो सालों से लगातार अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर बनी रहने की वजह से रोजगार, व्यापार, वाणिज्य के क्षेत्र में सुस्ती का आलम था। अब जब अर्थव्यवस्था कुछ पटरी पर लौटने लगी है, तब बेहतरी के उपायों को लेकर उम्मीद बनी हुई थी। ताजा बजट में इन तमाम पहलुओं पर संतुलन साधने का प्रयास किया है। इस बजट की सात प्राथमिकताएं तय की गई है- समग्र विकास, अंतिम पड़ाव तक पहुंचना, आधारभूत ढांचा निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र। इस वित्त वर्ष में विकास दर सात फीसद रहने का अनुमान है। इसलिए सरकार उत्साहित है कि बजट में तय प्राथमिकताओं को पूरा करने में उसे सफलता मिलेगी। कुछ योजनाएं, जो पहले से चली आ रही हैं, उनमें निवेश बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और विस्तार दिया जाएगा। कुछ नई भविष्य की योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं, जिनमें राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भी शामिल है। इसकी घोषणा कुछ दिनों पहले की गई थी। अब उसके लिए बजटीय प्रावधान कर दिया गया है। इससे कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आने की उम्मीद की जा रही है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार के नए अवसर पैदा करना और महंगाई पर काबू पाना है। कोरोना काल में जब महानगरों से पलायन शुरू हुआ और बहुत सारे रोजी-रोजगार के अवसर खत्म हो गए, तब तमाम विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे थे कि ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए। इस दिशा में प्रयास हुए भी हैं, पर कृषि आधारित उद्यमों को अपेक्षित बढ़ावा नहीं मिल पाया है। इसी के मद्देनजर सरकार ने इस बजट में कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता सूची में रखा है। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप से बहुत सारे उद्यमियों को अपना काम शुरू करने का मौका मिला था। उसके उत्साहजनक नतीजों से ही सरकार को अब कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने का साहस बना है। निश्चय ही, इससे न सिर्फ किसानों और कृषि क्षेत्र की स्थिति सुधरेगी, बल्कि बहुत सारे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इस बजट में खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। पचास अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीकरण किया जाएगा, ताकि क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा दिया जा सके। हर साल बजट पर सबसे अधिक नजर वेतनभोगी लोगों की रहती है कि उन्हें आयकर में कोई राहत मिल रही है या नहीं। साथ ही यह भी कि किन वस्तुओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है। इस अर्थ में यह बजट अधिक राहतकारी साबित होगा। पहले पांच लाख रुपए तक की सालाना आमदनी करमुक्त थी। अब इसे बढ़ा कर सात लाख रुपए तक कर दिया गया है। यह काफी बड़ा अंतर है। जाहिर है, इससे लोगों की कुछ बचत बढ़ेगी और निवेश के प्रति उनका उत्साह बनेगा। इस बजट में कर ढांचे में बदलाव की वजह से इलेक्ट्रानिक उपकरणों की कीमतों में कमी आने का अनुमान है।

# भक्तामर अखंड पाठ हुआ प्रारंभ



**रामगंज मंडी. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर रामगंज मंडी में 24 घंटे का शनिवार प्रात काल बेला में भक्तामर पाठ प्रारंभ हुआ।इसका आयोजन आदर्श महिला मंडल रामगंजमंडी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आकाश शास्त्री ने अपनी सेवाएं दी। उन्ही के निर्देशन में पाठ प्रारंभ करने के पूर्व की समस्त क्रियाएं मंगलाष्टक अभिषेक शांतिधारा की गई। शांतिधारा का पुण्यलाभ निलेश कुमार, दिव्यान, कीर्तिश धनोत्या परिवार कैथूली वाले रामगंजमंडी को मिला। इसके पश्चात मंडल जी पर मंगल कलश स्थापना महिलाओं द्वारा की गई। बघेरवाल समाज के महामंत्री पदम सुरलाया ने बताया कि रविवार को अंखंड पाठ की पूर्णाहुति होगी एवम श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः 8:00 की जावेगी। एवं भक्तामर महामंडल विधान का संगीतमय आयोजन होगा। सुरलाया ने बताया की 24 घंटे के पाठ पूर्ण होने पर प्रातः बेला में नित्य नियम पूजन एवं भक्तामर महामंडल विधान भक्तिभाव के साथ संपन्न होगा। सकल जैन समाज से इस आयोजन में सम्मिलित होकर सहयोग कर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।**अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# कैंसर जागरूकता स्वास्थ्य परिचर्या




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वर्ल्ड कैंसर डे पर **RHL Renova Cancer Centre Jaipur** द्वारा कैंसर जागरूकता पर परिचर्चा कार्यक्रम राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र सिंह ने तम्बाकू सेवन से पुरुषों में मुँह का कैंसर व स्त्रियों में होने वाले स्तन कैंसर के विषय मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वीना आचार्य ने महिलाओं में होने वाले सरवाइकल कैंसर से बचाव हेतु सावधानियों के विषय के बारे में अवगत कराया।इस अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति पश्चिम सम्भाग के अध्यक्ष निर्मल कुमार संघी व महासमिति के अन्य सहयोगियों का सम्मान किया गया।

# पारीक कॉलेज का मनाया 118 वां स्थापना दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बनीपार्क स्थित जयपुर के हैरिटेज एस एस जे. पारीक पीजी कॉलेज एवं सम्बद्ध शिक्षण संस्थान ने सफलता के पायदान की श्रृंखला में आगे बढ़ते हुए शुक्रवार को गौरवपूर्ण 118 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पारीक प्रबंध कार्यकारिणी के सचिव लक्ष्मीकांत पारीक ने महाविद्यालय की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह शिक्षा के क्षेत्र में सदैव समर्पित रहा है।यहां के विद्यार्थी विदेशों में उच्च पदों पर कार्यरत है जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक के सभी प्रबुद्ध जनों का कार्यक्रम में सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य जनों द्वारा महाविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन किया गया साथ ही संस्थान के गौरवमयी इतिहास को समाहित करती हुई डाक्यूमेंट्री चलाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस गोवर्धन बाढ़दार ने कहा कि महाविद्यालय ने अपने स्वर्णिम इतिहास में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित कर अलग मुकाम हासिल किया है, इस अद्भुत सफलता के 118 वें वर्ष में प्रवेश करने पर बहुत शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक ,अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क विभाग गोविंद पारीक, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान खादी बोर्ड अनिल पारीक, उपाध्यक्ष राजस्थान यूथ बोर्ड सुशील पारीक, आर. ए. एस. अभिषेक पारीक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पारीक महासभा गिरधारी लाल केशोट, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य, महाविद्यालय के सभी प्राचार्य और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

Happy Anniversary

सीए अमित - कविता जैन
जैन सोशयल ग्रुप महानगर सदस्य
को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां




मोबाइल: 9867236769

शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन सस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव
समस्त जैन सोशयल ग्रुप महानगर परिवार

# मंढा में तीन दिवसीय भव्य वेदी प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन



**मंढा, सीकर. शाबाश इंडिया**

सीकर जिले के मंढा (सुरेरा) ग्राम में स्थापित मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर का पूर्णतया नवीनीकरण करवाकर तीन शिखर सहित भव्य जिनालय का निर्माण कराया गया है ।मंदिर की 500 वर्ष पुरानी अतिशयकारी मुनिसुव्रत नाथ भगवान एवं अन्य 20 से अधिक प्राचीन प्रतिमाओं का प्रतिष्ठापन प्रतिष्ठाचार्य विमल कुमार जैन बनेठा के निर्देशन में किया जा रहा है ।इस के अंतर्गत 3 फरवरी शुक्रवार को आचार्य निमंत्रण, वेदी शुद्धि, इन्द्र प्रतिष्ठा, कलश स्थापना, कलश यात्रा, संगीतमय भक्तामर श्रोत्र आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए ।4 फरवरी को याग मंडल विधान, सांस्कृतिक संध्या एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।5 फरवरी को शांतिधारा, जाप्य अनुष्ठान एवं जिनेन्द्र भगवान की शोभायात्रा आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन में मंढा ग्राम के प्रतिष्ठित जैन परिवारों का प्रमुख योगदान है। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य सुनील - सीमा ठोलिया, भागचंद - उषा , मनोज आदि के द्वारा आयोजन में प्रमुख व्यवस्थाएं जिम्मेदारी से निभाई जा रही हैं। इस अवसर पर सम्यक ग्रुप के संरक्षक महावीर शकुंतला- बिंदायका, अध्यक्ष महावीर-लक्ष्मी बोहरा, सचिव डॉ इन्द्र कुमार - स्नेह जैन के द्वारा महोत्सव में उपस्थित हुये ।

# संवैधानिक कमेटी से चयनित 571 पर सवाल क्यों?

## 22वे जत्थे में सीएम से मिलने पहुंचीं महिला पत्रकार



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पिंकसिटी प्रेस एनक्लेव, नायला पत्रकार योजना में 571 आवंटी पत्रकारों को साल 2013 में वरिष्ठ पत्रकार और ईमानदार अधिकारियों की राज्य स्तरीय कमेटी ने सभी पात्रताओं की जांच कर योग्य माना था तो कमेटी के कार्य पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। कमेटी में सदस्य सचिव के नाते डीआईपीआर निदेशक डॉ. लोकनाथ सोनी पात्रता की चयन प्रक्रिया में शामिल थे और उन्होंने आवंटियों के चयन में राज्य अधिस्वीकरण नियम 1995 की पालना भी कराई थी। अब हाई कोर्ट के निर्णय की आड़ में नियम 1995 की पालना की बात कहकर आवंटियों के पट्टे रोकना गलत है। चलो नायला संगठन के आह्वान पर शनिवार को 25वे दिन मुख्यमंत्री से मिलने उनके निवास पर पहुंचे जत्थे में शामिल महिला पत्रकारों ने सवालों कर सीएमआर के अधिकारियों को 571 आवंटियों की पीड़ा जाहिर की और उन्हें मुख्यमंत्री जी से ही मिलाने की मांग की।






## सक्रिय सामाजिक साथी, परम मुनि, आर्यिका भक्त, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और राजनेतिक गतिविधियों में सहयोगी व्यक्तित्व







# श्री निर्मल जैन सोगानी

मोबाइल 9829760009




| | |
|---|---|
| सदस्य: | राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद्, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार |
| सयुंक्त निदेशक: | गुणायतन, मधुबन झारखण्ड |
| प्रबन्धक निदेशक: | जैन ग्रुप |
| वाईस चेयरमैन: | चाणक्य आई.ए.एस एकेडमी |
| संरक्षक: | जैन राजनैतिक चेतना मंच |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष: | ऑल इण्डिया वेलफेयर सोसायटी |
| प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान: | इन्द्रप्रस्थ प्रेस क्लब, नई दिल्ली |
| वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया (बी.एम.एस): | एगज़ूकटिव मेम्बर्स |
| ब्यूरो चीफ: | उदय इण्डिया (साप्ताहिक हिन्दी / अंग्रेजी मैग्जीन नई दिल्ली) |
| नेशनल एडवाईजर: | महर्षि बद्री फार्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. |
| नेशनल एडवाईजर: | सैफ्टी प्रोफेशनलस् एसोसिऐशन ऑफ इंडिया (स्वच्छ भारत मिशन) |
| सक्रिय सदस्य: | रोटरी इंटरनेशनल क्लब लायन्स क्लब<br>जैन सोश्यल जैन सोश्यल ग्रुप मिडटाउन |
| पूर्व प्रदेश संयोजक: | भारत तिब्बत सहयोग मंच |
| उपाध्यक्ष: | अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति |
| सदस्य: | लोकतन्त्र रक्षा मंच |
| पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य: | कुटीर एवं लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा, नई दिल्ली |
| पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष: | राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवधिकार संस्थान |
| पूर्व कोषाध्यक्ष: | हिन्दुस्तान समाचार एजेन्सी राज |
| मेंबर: | नेशनल रोड सेफटी काउन्सिल परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार |

## को जन्मदिन (4 फरवरी) की

# हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई









## शुभेच्छु: समस्त परिवारजन एवं मित्रगण

## शीतल गच्छ के भक्तों ने सम्प्रदाय को एकता के संघठन सूत्र मे बांधने का लिया सकल्प यश विहार में

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** शीतल संघठन को एक सूत्र मे बांधने का सम्प्रदाय के श्रावको ने लिया सकल्प। शनिवार को दोपहर यश विहार मे हेमन्त आचंलिया मीठ्ठालाल सिंघवी कि अध्यक्षता मे शीतल गच्छ के 200 सदस्यों कि मिटिंग आयोजित की गई जिसमे अशोक पौखरना,सुशील चपलोत,भूपेन्द्र सिंह पंगारिया ने शीतल सम्प्रदाय के श्रावको का एक संगठन बनाने कि बात रखते हुयें कहां कि संघठन मे ही शक्ति है वरना हम टुकड़ों मे बिखर जायेंगे।संघठित होकर ही हमारे पूर्वज शीतलदास जी महाराज की परम्परा मे हुये तपस्वी वेणीचन्द म,सा और भूरालाल जी म,सा मोहलाल जी म,सा व गुरूणी मय्या यशकंवर जी आदि अनेक ख्याति प्राप्त गुरूभगवंतो ने सम्प्रदाय का मान सम्मान बढ़ाया था। उन सभी कि ख्याति सम्पूर्ण देश मे बढ़ा सकते है। इस दौरान राजेन्द्रसिंह मारू, अमरसिंह डूगरवाल,अमरसिंह बाबेल, प्रभाष चौधरी, कन्हैया लाल चौधरी, रिखबचंद पीपाड़ा,पारसमल पीपाड़ा, मानसिंह भंडारी, कुशलसिंह बूलिया, मुकेश डांगी, राजेन्द्र सिघंवी, हेमन्त बाबेल, शिवप्रकाश पानगड़िया तथा शांति भवन के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ आदि सभी ने मीटिंग मे बात रखतें हुयें कहा कि शीतल सम्प्रदाय के साधु साध्वीयो का इतिहास बहुत पुरा रहा जिन्होंने जैन समाज और छतीस ही कोम के भाई बहनो को एकता के सूत्र मे बांधकर मेवाड़ और राजस्थान मे धर्म कि अलख जगाते हुये शीतल सम्प्रदाय का मान सम्मान और यश कीर्ति को बढ़ाया। हम अपने आपसी राग द्वेष को त्यागकर गुरू एक सेवा अनेक के सिद्धांतों का पालन करते हुये एकजुट होकर संघठन मे बंध गये तो शीतल सम्प्रदाय का वर्चस्व बढ़ा सकते हैं। मीटिंग कि अध्यक्षा कर रहे हेमन्त आंचलिया, मीठ्ठालाल सिंघवी ने सभी का आभार व्यक्त करतें हुयें कहा कि एक अकेला व्यक्ति कुछ नही कर सकता है। संघठन मे रहकर ही सम्प्रदाय मे अपना गौरव पा सकता है। आखिर मे शीतल गच्छ के सभी श्रावकों ने संघठन को मजबूत बनाने का सकल्प लिया।



## धीरज पाटनी कांग्रेस वार्ड 37 के अध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता धीरज पाटनी को कांग्रेस वार्ड 37 के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है । विद्याधर नगर विधानसभा के कांग्रेस विधायक प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने धीरज कुमार पाटनी को वार्ड 37 का अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर शिवपुरी कॉलोनी वार्ड 37 में चल रही पानी की समस्या के समाधान हेतु सीताराम अग्रवाल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के द्वारा नए बोरिंग लगाने का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरेंद्र जादौन एवं मनोज अमन सहित अनेक कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




जैन सोश्यल ग्रुप सांगिनी केपिटल
की पूर्व अध्यक्षा एवं प्रसिद्ध गायिका

**श्रीमती समता गोदिका**
को जन्मदिन (5 फरवरी) की
**हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई**

शुभेच्छुः समस्त परिवारजन एवं मित्रगण



# विरागोदय तीर्थ में 300 साधुओं की उपस्थिति में हुआ युगप्रतिक्रमण

राजेश रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा.
शाबाश इंडिया

पथरिया (दमोह) ।जैन समाज का सबसे बड़ा आयोजन विरागोदय तीर्थ महामहोत्सव में चल रहा है ।जिसमे शनिवार के प्रातःकाल में पूजन अभिषेक, शांतिधारा हुई, गणाचार्य गुरुदेव का विशाल पंडाल में दिव्यघोष के उदघोष के साथ दीक्षित आचार्य विनम्र सागर,आचार्य विशुद्ध सागर, आचार्य विभव सागर, आचार्य विनिश्चय सागर,आचार्य विनम्र सागर, मुनि विहर्ष सागर समेत 300 साधुओं के साथ आगमन हुआ। जहां अतिथियों द्वारा चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन गुरुदेव का भक्तों ने किया । इस अवसर पर पूज्य आचार्य विनम्र सागर जी जीवन है पानी की बूंद रचना की कुछ कविताओं का पाठ किया, जिससे पूरे सदन में तालियों की आवाज गुंजायमान हो गई, साथ ही आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी ने अपने संस्मरण सुनाते हुए गुरुदेव के वात्सल्य की यादें सबके सामने व्यक्त की, उन्होंने कहा गुरुदेव ने बाल्यवस्था से ही मेरा हाँथ थाम लिया था जो अभी तक कृपा दृष्टि बनाये हुए हैं। युगप्रतिक्रमण मे हजारों श्रद्धालु हुए सम्मलित पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज द्वारा प्रत्येक 5 वर्षो के उपरांत होने वाले युगप्रतिक्रमण का अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें 300 से अधिक साधुओं के साथ ही हजारों श्रावको ने भाग लिया। भरे हुए विशाल पंडाल मे अनेक भक्तियां, विनती से गुंजायमान था। पापो के एवं अपराधों के प्रयाश्चित के लिए क्षमा याचना करना प्रतिक्रमण है।



## आज ध्वजारोहण के साथ होगा पंचकल्याणक का शुभारम्भ

5 फरवरी रविवार को सुबह घटयात्रा (शोभायात्रा),ध्वजारोहण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप शुध्दि, के साथ पंचकल्याणक का मंगलाचरण होगा ,दोपहर मे महिला सम्मेलन,शाम को महाआरती, शास्त्र सभा, महासभा होगी और राष्ट्रीय भजन गायक रामकुमार एण्ड पार्टी द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन भी होगा।

# स्वाद बढ़ाने वाले धनिए को कहा गया शैतानी बूटी, क्यों दुनिया का एक हिस्सा धनिया से करता है नफरत?

हरे धनिये से सजी इस टिक्की चाट जैसे ना जाने कितने व्यंजनों को देखते ही हर किसी भारतीय के मुँह में पानी आ जाना लाजमी है। और धनिये की चटनी की खुशबु ही हमारी भूख बढ़ा देने के काफी है। ना जाने कितने ही भारतीय व्यंजन धनिये की खुशबूदार पत्तियों के बिना अधूरे हैं ।पर भारतीय खाने का स्वाद और खुशबु बढ़ाने वाला और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाने वाला हरा धनिया दुनिया के हिस्से मे "शैतानी बूटी" के नाम से भी जाना जाता है ।जिस धनिए की पत्तियों समेत डंठल और बीज भी हम स्वाद ले-लेकर खाते हैं, उसके नाम का इतिहास वैसे खास मजेदार नहीं। ये ग्रीस शब्द कोरोस से निकला है, जिसका मतलब है बदबू मारने वाला कीड़ा या खटमल. कई जगहों पर इसे स्टिंकिंग हर्ब भी कहा गया ।यूरोप के कुछ हिस्सों के लोगों और ऑस्ट्रेलियाई लोगों को धनिया सुगंधित नहीं बल्कि दुर्गंधयुक्त लगता है। ऑस्ट्रेलियाई लोगों को तो धनिये से इतनी नफरत है कि मात्र धनिये की आलोचना करने के लिए उन्होंने International Coriander Hatred Day मनाना शुरु कर दिया। प्रति वर्ष 24 फ़रवरी को International Coriander Hatred Day मनाने की परंपरा है ।इसी नाम से एक ग्रुप की स्थापना दिसम्बर 2013 में धनिये से नफरत करने वाले लोगों के एक समूंह द्वारा Facebook पर की गई थी। जिसके अब 207 K से अधिक फॉलोवर्स हैं ।धनिये से नफरत करने की वजह :आधी से ज्यादा दुनिया में बेहद शौक से खाए जाने वाली इस चीज से कुछ ही लोग इतना क्यों कतराते हैं, इसपर साइंस ने काफी माथापच्ची की और जवाब भी खोज निकाला. साल 2012 में कैलीफोर्निया की एक कंपनी 23andme, जो कि जीनोमिक्स और बायोटेक्नोलॉजी पर काम करती है, ने इसपर स्टडी की. 50 हजार लोगों के सैंपल साइज को लेकर हुई स्टडी में पाया गया कि धनिए से चिढ़ यूं ही नहीं, बल्कि एक जीन की वजह है ।OR6A2 नाम के इस जीन की जरूरत से ज्यादा सक्रियता के कारण लोगों को धनिए की ताजा पत्तियों और पिसे हुए मसाले से भी साबुन जैसी गंध आने लगती है। ऐसा एल्डिहाइड की वजह से होता है. ये एक केमिकल कंपाउंड है, जो धनिए में पाया जाता है. ये भी पता लगा कि ऑस्ट्रेलियाई मूल के अलावा यूरोप के भी कुछ हिस्सों में इस जीन की वजह से धनिया-हेटर्स की बड़ी बिरादरी है. इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं. बिल्कुल यही नतीजा कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के शोध में भी मिला



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान
विधानसभा,जयपुर। 9828011871

# कन्या दान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता : उप महापौर नीरज जैन



अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया

**अजमेर**। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने विधवा महिला के परिवार को संबल प्रदान किया। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर की गोधा गवाड़ी इकाई के तत्वावधान में समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के निवास स्थान पर पालबिछला में रहने वाली जरूरतमंद विधवा महिला जिसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है की पुत्री जिसका विवाह आगामी दिनों में होने जा रहा है के विवाह में सहयोग नगर निगम अजमेर के उप महापौर नीरज जैन एवम पार्षद रूबी जैन के कर कमलों द्वारा कराया गया ।इकाई अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि इस जरूरतमंद परिवार की पुत्री के विवाह में सहयोग हेतु विवाह एवम विवाह उपरांत गृहस्थ जीवन के कार्य में आने वाली सामग्री जिसमे दुल्हन के दो बेस,पंद्रह साड़िया,सलवार सूट के सेट, पायल, बिछिया, आर्टिफिशियल ज्वेलरी,सेलो के इक्कावन प्रकार के आइटम, रसोई के कार्य में आने वाले सभी प्रकार के बर्तन,घड़ा, कोठी, ब्लैंकेट,शाल,स्वेटर, कार्डीगन बेड शीट,चूड़ी सेट, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री,परिवारजन के कपड़े,दूल्हे के लिए सूट कपड़े, चौकी, कुकर, पंखा, ओवन, मिक्सी,गैस चूल्हा, घर की सजावट का सामान, घड़ी,बाल्टी,कोठी, चरणपादुका, जूते, मोजे, सहित अन्य सामग्री भेंट की गई ।इस अवसर पर अजमेर निगम के उप महापौर नीरज जैन ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता जरूरतमंद परिवार की बालिका खुशी खुशी अपने ससुराल जा पाएगी और अपना वैवाहिक जीवन अच्छे से व्यतीत कर पाएगी साथ ही विधवा महिला को सम्बल प्रदान करके एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। महिला संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी एवम युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा ने बताया कि समिति धार्मिक, जीवदया कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अंतर्गत समिति की विभिन्न इकाइयों की सदस्याओं के सहयोग से विधवा, असहाय महिला को सहयोग देने के उद्देश्य से समय समय पर कार्य कर रही है ।श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस अवसर पर गोधा गवाड़ी इकाई की वरिष्ठ सदस्य अनिता पाटनी,सरिता पाटनी,अनिता बडजात्या,पिंकी बडजात्या, पायल पाटनी,अंतिमा पाटनी,रूबी वेद के अलावा समाजसेवी एवम समिति के संरक्षक राकेश पालीवाल, पदमचंद जैन आदि ने सेवा कार्य को सम्पन्न करवाने में सहयोग किया ।

# कस्बे को नगर पालिका का दर्जा दिलवाने की मांग पर फागी कस्बा रहा बंद

फागी. शाबाश इंडिया



फागी कस्बे को नगरपालिका का दर्जा दिलवाने के लिए आजाद विचार कांति के बैनर तले फागी कस्बा बंद रहा। मिडिया के राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि आजाद विचार क्रांति मंच के आह्वान पर फागी व्यापार महासंघ, श्री मेढ़ क्षेत्रिय स्वर्णकार समाज, दी बार एसोसिएशन फागी, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ,(एकीकृत) ब्लाक फागी,कपडा एवं रेडीमेड व्यापार महासंघ, केमिस्ट एसोसिएशन फागी, श्री सालासर मित्र मंडल, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संस्था, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, बाबा अमरनाथ मित्र मंडल फागी, तथा मुस्लिम महासभा फागी सहित कस्बे की अनेक संस्थाओं ने , फागी ग्राम वासियों ने, फागी को बंद रखने का समर्थन देकर, फागी कस्बों को नगर पालिका का दर्जा दिलवाने हेतु पूरी सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम सफल बनाया। कार्यक्रम में नाडी वाले बाबा , फागी व्यापार महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप श्रीमाल, और स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण सोनी, सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित करते हुए फागी कस्बे को नगरपालिका का दर्जा दिलवाने हेतु सभी से पुरजोर अपील करते हुए अपनी सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सोयल, उपाध्यक्ष अवधेश जोशी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर राम प्रसाद मीणा, सुरेंद्र प्रधान, रमेश कांटवा,अनिल सोनी, रामावतार सेन, उपस्थित थे।

# ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में छः दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव



मनोज नायक. शाबाश इंडिया

**मुरेना**। ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में छः दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान आज तीर्थंकर बालक आदिकुमार का राज्याभिषेक हुआ। आदिकुमार के पिता राजा नाभिराय एवं माता मरुदेवी ने आदिकुमार की स्वीकृति के बाद उनका विवाह संपन्न कराया। राज दरवार में नीलांजना नामक नर्तकी नृत्य कर रही थी ।नृत्य करते समय अचानक उसकी मृत्यु हो जाती है ।इसे देखकर महाराज आदिकुमार स्तम्भित रह जाते हैं ।उनके मन में विचार आता है कि यह संसार तो क्षण भंगुर हैं । इस असार संसार में कोई किसी का नहीं है। बस, उसी क्षण महाराज आदिकुमार को वैराग्य हो जाता है और वह जैनेश्वरी दीक्षा धारण कर वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं ।ज्ञातव्य हो कि आचार्य विनीत सागर, सप्तम पट्टाचार्य ज्ञेयसागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के निर्देशन में ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत श्री आदिनाथ मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है।

# आत्मा को परमात्मा से जोड़ मानवता के लिए समर्पित स्वामीजी श्रीरामचरणजी महाप्रभु का जीवन- आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया।

भीलवाड़ा। संत का धर्म होता है जोड़ना और मानव सेवा के लिए समर्पित रहे स्वामीजी रामचरणजी महाप्रभु ने आत्मा से परमात्मा को जोड़ा।हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन को सार्थक बना सकते है।विकट परिस्थितियों में शांत रहने वाला संत और उच्च आदर्शों पर चलने वाला पंथ बन जाता है। अनुभव वाणी जैसे विचार महाग्रंथ बन जाते है। स्वामीजी महाराज ने हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिने सर्वे संतु निरामया का संदेश दिया इसीलिए उनके प्राकट्य दिवस को ''राष्ट्रपर्व से राम पर्व तक'' के रूप में मनाया गया। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज ने शनिवार को स्वामी श्रीरामचरणजी महाप्रभु के 303वें प्राक्ट्य दिवस के अवसर पर माणिक्यनगर स्थित रामद्वारा में दस दिवसीय विराट आध्यात्मिक सत्संग ''राष्ट्र पर्व से लेकर राम पर्व तक'' के समापन अवसर पर व्यक्त किए।